# मैं तेरा दास हो गया भजन लिरिक्स

कान्हा ओ कान्हा तेरा दीवाना,
आ गया बाबा अब तेरे धाम,
तू सुने ना सुने तेरा काम,
मैं तेरा दास हो गया,
मै तेरा दास हो गया,
कान्हा ओ कान्हा तेरा दीवाना।bd।

तर्ज – तू पहचान बन गया।

---

दूजा ना कोई जग में हमारा,
रोते हुए मैंने तुझको पुकारा,
नैया का मेरी तू ही किनारा,
हारे को बाबा दे दो सहारा,
आके संभालो मुझको हे दाता,
रखले तू अब मुझे तेरे पास,
मै तेरा दास हो गया,
कान्हा ओ कान्हा तेरा दीवाना।bd।

---

मेरा ये जीवन तू ही संभाले,
बीच भवर से तू ही निकाले,
डूब रहा हूँ मुझको बचा ले,
चरणों में तेरे मुझको बिठा ले,
दीनो के दाता हारे के साथी,
ऐसे ना कर मुझे तू निराश,
मै तेरा दास हो गया,
कान्हा ओ कान्हा तेरा दीवाना।bd।

---

सेवक तेरे दर पे खड़ा है,
बालक तेरा ज़िद पे अड़ा है,
'हर्ष' तुम्हारा नाम बड़ा है,
मुझको तुमसे काम पड़ा है,
तू ना सुने तो कौन सुनेगा,
कर ज़रा पूरी तू मेरी आस,
मै तेरा दास हो गया,
कान्हा ओ कान्हा तेरा दीवाना।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

कान्हा ओ कान्हा तेरा दीवाना,
आ गया बाबा अब तेरे धाम,
तू सुने ना सुने तेरा काम,
मैं तेरा दास हो गया,
मै तेरा दास हो गया,
कान्हा ओ कान्हा तेरा दीवाना।bd।

**Singer – Mukesh Bagda Ji**
**Upload By – Ravi Agrawal Ji**
**9301653989**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com